राधाकृष्ण किशोर
मंत्री
वित्त, योजना एवं विकास,
वाणिज्य–कर तथा संसदीय कार्य विभाग
झारखण्ड सरकार

मोबाइल नं० : +91 9431135292
ई-मेल : jh.financeminister@gmail.com

पत्रांक - 388/मं० को०
दिनांक - 29.06.2026

पुलिस महानिदेशक,
झारखण्ड, रांची।

मैंने पत्रांकः 337/मं. को. दिनांकः 21.04.2026 के माध्यम से आपको सूचित किया था कि मेरे सुरक्षा के लिए कुल 16 पुलिस जवानों को उपलब्ध कराया गया है। पत्र के माध्यम से मैंने यह भी बताया था कि मात्र तीन (03) सरकारी वाहनों में 16 पुलिस बलों को Adjust करने में परेशानी होती है। वाहनों में पुलिस जवानों को ठूंस कर बैठाना, सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से उचित प्रतीत नहीं होता है।

उक्त के आलोक में मैंने पुलिस बलों को Adjust करने के लिए आवश्यकता अनुसार कुल चार (04) वाहन के आवंटन के लिए आपको पत्र लिखा था। यह अफसोस की बात है कि मेरे उक्त पत्र के आलोक में मुझे कोई उत्तर अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है।

इस बीच वित्त विभाग के संयुक्त सचिव, श्री पंकज कुमार सिंह के द्वारा पुलिस महानिरीक्षक (प्रोविजन), महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक का कार्यालय के ज्ञापांकः 79/टी. एस. दिनांकः 11.10.2022 के आलोक में नोटिस निर्गत करते हुए कहा है कि एक वाहन पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड को वापस करने हेतु उपलब्ध कराया जाए।

संयुक्त सचिव, वित्त विभाग के द्वारा मेरे आप्त सचिव को दिए गए नोटिस मेरे लिए Embarrassing है। अतः मैं वाहन सहित पुलिस बलों को वापस कर रहा हूं।

29/6/26
(राधाकृष्ण किशोर)

प्रतिलिपिः सचिव, वित्त विभाग, झारखण्ड सरकार, रांची।

(राधाकृष्ण किशोर)

6/28/2026, 10:51 AM

Scanned with OKEN Scanner